# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्र सरकार एचएमपी वायरस के प्रसार पर सभी उपलब्ध माध्यमों से कड़ी निगरानी रख रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पिछले कुछ हफ्तों में चीन में बढ़ते श्वसन संबंधी रोगों के बारे में समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त निगरानी समूह को पता चला है कि ये वायरस भारत सहित विश्वभर में फैल रहे हैं। भारत में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी के लिए आईसीएमआर और आईडीएसपी नेटवर्कों के जरिए मजबूत निगरानी प्रणाली पहले से मौजूद हैं। इनसे प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि रोगियों की संख्या में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है। आईसीएमआर ने एहतियात के तौर पर एचएमपी वायरस के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ा दी है और यह पूरे वर्ष एचएमपी वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी रखता है।

*******************

दुमका जिला में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा ″तसर रेशम कृषि मेले″ का आयोजन किया गया। मेले में तसर उत्पादक किसानों को उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक आय के लिए इसे मजबूत आधार बनाने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्रीय तसर एवं रेशम प्रशिक्षण के निदेशक एमपी चौधरी ने कहा कि दुमका का तसर रेशम काफ़ी उच्च क्वालिटी का है। सरकार द्वारा इसके व्यापार को बढ़ाने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। आने वाले समय में दुमका में बने तसर रेशम वस्त्र की ब्रांडिंग जोहार रेशम नाम से की जाएगी। वहीं दुमका के उप विकास आयुक्त **अभिजीत सिन्हा** ने कहा कि रेशम के क्षेत्र में यहां संभावनाएं अधिक हैं।
मौके पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह, दुमका के वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक व्यास भी मौजूद रहे।

*******************

खरसावां जिले के रीडिंग पंचायत में पुलिस ने नशाखोरी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। अंचल अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में नशे से होनेवाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और अफीम की अवैध खेती पर रोकथाम लगाने के साथ ही वैकल्पिक खेती करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। मौके पर खरसावां थाना प्रभारी ने संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी।

*******************

जामताड़ा जिले के किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक ढंग से कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

*******************

पारा शिक्षकों की दूसरी आकलन परीक्षा आज हो रही है। इसमें 11 हजार से अधिक पारा शिक्षक भाग ले रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मिली जानकारी के अनुसार राज्यभर में 26 केंद्रों में परीक्षा आयोजित हो रही है। गौरतलब है कि आकलन परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल होते हैं, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं। आकलन परीक्षा पास करने पर शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की वृद्धि होती है।

*******************

इधर आज सुबह खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर एक बस और कार की आपस में टक्कर होने से दो दर्जन से ज्यादा पारा शिक्षक घायल हो गए। सभी पारा शिक्षक आकलन परीक्षा देने

जा रहे थे। इस दुर्घटना में घायल कार चालक सहित दो व्यक्ति और सभी पारा शिक्षकों को इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल में भेजा गया ।

********************

झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार ने नर्सरी से कक्षा आठ तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 7 से 13 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश जारी किया है। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं जारी रहेंगी। इससे पहले रांची के उपायुक्त ने भी जिले के सभी स्कूलों को ठंड को देखते हुए छह और सात जनवरी को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

********************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राजधानी रांची और इसके आस–पास के जिलों में हल्के बादल छाये रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार दो दिनों तक ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार सात जनवरी से बादल छंटेगा जिससे अधिक ठंड का एहसास होगा।

***********समाप्त*********